नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–06, नौएडा

पत्र संख्या: नौएडा/मु0वा0नि0/2024/4099
दिनांक: 25/4/24

मै0 एक्सप्रैसवे हॉस्पिटैलिटी प्रा0 लि0,
325, जाग्रति एन्कलेव, द्वितीय तल,
नई दिल्ली–110092

विषयः– **कम्यूनिटी सैन्टर भूखण्ड संख्या–पी–5ए व पी–5बी, सैक्टर–134, नौएडा के समामेलन के संबंध में।**

कृपया उपर्युक्त विषयक यीडा को सम्बोधित आपके प्रार्थना पत्र दिनांक 10.07.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें आपके द्वारा वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या–पी–5ए व पी–5बी, सैक्टर–134 के समामेलन हेतु अनुरोध किया गया था। आपके अनुरोध के क्रम में यीडा द्वारा पत्रांक वाई.ई.ए./सम्पत्ति/2017/291 दिनांक 19.09.2017 के माध्यम से अनापत्ति प्रदान करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त भूखण्डों के समामेलन के संबंध में मै0 जे.पी. इन्फ्राटैक लि0 से अनापत्ति प्राप्त करने हेतु पत्रांक नौएडा/मु0वा0नि0/2024/334 दिनांक 20.02.2024 प्रेषित किया गया, जिसके क्रम में मै0 जे.पी. इन्फ्राटैक लि0 द्वारा दिनांक 26.02.2024 को अनापत्ति प्रदान की गयी है।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि कम्यूनिटी सैन्टर भूखण्ड संख्या–पी–5ए (क्षेत्रफल 6,290.00 वर्ग मी0) व पी–5बी (क्षेत्रफल 6,290.00 वर्ग मी0), सैक्टर–134 के समामेलन हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 19.04.2024 को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। समामेलित भूखण्ड संख्या–पी–5ए व पी–5बी का कुल क्षेत्रफल 12,580 वर्ग मी0 है। समामेलित भूखण्ड के क्षेत्रफल के अनुसार भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्राधिकरण में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

तदानुसार अवगत होने का कष्ट करें।

25/04/2024

(इश्तियाक अहमद)
महाप्रबन्धक (नियोजन)
नौएडा

प्रतिलिपिः–

1. मै0 जे.पी. इन्फ्राटैक लि0, सैक्टर–128, नौएडा को सूचनार्थ।
2. प्रबन्धक (सम्पत्ति), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को उनके पत्रांक वाई.ई.ए. /सम्पत्ति/2017/291 दिनांक 19.09.2017 के क्रम में सूचनार्थ।

महाप्रबन्धक (नियोजन)
नौएडा